# हिमवत्स वैबसाइट रिर्पोट अपडेट हेतु

## 1—साविद्या स्मारिका विमोचन कार्यक्रम





दिनॉक 15 दिसम्बर 2022 को हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति डडा—चम्पावत में हिमवत्स साविद्या स्मारिका के (15 वें अंक) विमोचन कार्यक्रम का आयोजन **"सी0डी0एल0ए0एस0आर0सी0 कैम्पस प्रा0 तथा जूनियर विद्यालय कुलेठी"** में किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चम्पावत श्री विजय वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि श्री भारत जोशी ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं श्री कैलाश पाण्डेय रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव डा0 जी0बी0 बिष्ट एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र गहताडी, डा0बी0सी0जोशी द्वारा किया गया।

## 2—जवाहर नवोदय के प्रशिक्षकों द्वारा प्रवेश परीक्षा का पूर्वाभ्यास



संस्था द्वारा दिनांक 12—01—2022 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय चम्पावत में हिमवत्स के स्वयंसेवकों, तैयारी कर रहे अंगीकृत विद्यालयों के 32 छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सर्वप्रथम नवोदय विद्यालय के प्रशिक्षित अध्यापक **आदित्य अवस्थी** ने गणित, **एलाज अहमद** नें हिन्दी व मानसिक योग्यता की जानकारी दी, इस कार्यक्रम में चम्पावत प्राथमिक विद्यालय के प्र0अ0 कीर्तिबल्लभ गहतोड़ी एवं विभिन्न क्षेत्रों के विद्यालयों के बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। **संस्था स्वयं सेवक** पंकज बोहरा, सुनील जोशी, प्रकाश पुनेठा, सपना भण्डारी नियमित अभ्यास कराया गया।

## 3—राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर—



दिनांक 15—02—2022 को राजकीय प्राथमिक/जूनियर विद्यालय एवं हिमवत्स संचालित विज्ञान संसाधन केन्द्र कुलेठी में हिमवत्स के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्पावत के माध्यम से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सर्वजनिक स्थलों पर नशे तथा धूम्रपान को कानूनी अपराध मानते हुए कानूनी सजा के प्रावधानों से अवगत कराया तथा नशा मुक्ति हेतु छात्र—छात्राओं को जागरूकता एवं शपथ ग्रहण करायी गयी।

## 4– 13वॉ विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

संस्था द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के तीसरे दिन दिनांक 14 मार्च को राजकीय प्राथमिक/जूनियर विद्यालय एवं हिमवत्स संचालित विज्ञान संसाधन केन्द्र कुलेठी कैम्पस में संस्था सचिव डा0 जी0बी0बिष्ट के माध्यम से 13वॉ विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया, इस वर्ष की थीम "आओ अदृश्य ग्लूकोमा को हटायें" पर क्षेत्र के लोगों तथा दोनों विद्यालयो के छात्र–छात्राओं को ग्लूकोमा की जानकारी दी गयी, तथा ऑखों को कैसे स्वस्थ्य रखे इस पर विशेष चर्चा की गयी इसी के साथ समय–समय पर ऑखो की जॉच करने की सलाह दी गयी।



जॉच के उपरान्त कुछ विशेष लोगों को निर्धारित तिथि में आपरेशन तथा इलाज करने को कहा गया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, शिक्षिका, ग्रामीण अभिभावक, ऑगनबाडी कार्यकृति एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## 5–तीन दिवसीय ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस प्रोग्राम देहरादून वर्ष 2022–2023

## दिनांक 10 से 12 फरवरी 2023

संस्था द्वारा उत्राखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद **(यूकॉस्ट)** देहरादून द्वारा विज्ञान की गतिविधियों के प्रचार–प्रसार एवं शोधार्थियों को एक मंच में पर लाने के उददेश्य से 17 वी उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस 2023 के अन्तर्गत ग्रामीण कांग्रेस का आयोजन दिनांक 10 से 12 फरवरी 2023 को विज्ञान धाम झाजरा, देहरादून में किया गया। जिसका **उद्घाटन प्रदेश के मुख्य मंत्री माननीय पुष्कर सिह धामी जी** द्वारा किया गया।



तीन दिवसीय ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस में विज्ञान की प्रर्दशनी लगायी गयी, जिसमे संस्था की ओर से दो स्वयं सेवक प्रकाश पुनेठा, पंकज बोहरा साथ ही दो विद्यालयों (रा0उ0प्रा0 विद्यालय कुलेठी एवं खर्ककार्की) से दो–दो छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस विज्ञान प्रर्दशर्नी में संस्था द्वारा 20 विज्ञान मॉडलो का स्टाल लगाया गया।



**यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो0 दुर्गेश पन्त** द्वारा संस्था के स्टाल में आकर प्रर्दशनी के माध्यम से लगाये गये मॉडलों को देखा गया तथा संस्था के **संस्थापक प्रो0 एच0डी0 बिष्ट** की सराहना की गयी।

## 6–राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023

दिनांक 28–02–2023 को हिमवत्स संस्था के द्वारा हिमवत्स संचालित केन्द्र कुलेठी कैम्पस में विज्ञान के प्रति जागरूकता एवं अभिरूचि पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) महान वैज्ञानिक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी0वी0रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में मनाया गया। छात्र–छात्राओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोंगिता करायी गयी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।



# 7—संस्था द्वारा किताब कौथिग में प्रतिभाग



**टनकपुर—** दिनांक 24—12—2022 एवं 25—12—2022 को चम्पावत जिले के टनकपुर में पहला किताब कौथिक मेंला आयोजित किया गया, कार्यक्रम में हिमवत्स संस्था द्वारा मेले में विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम का उद्‌घाटन माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया।



**बैजनाथ (बागेश्वर)—**दिनांक 15—04—2023 एवं 16—04—2023 हिमवत्स द्वारा बागेश्वर जिले के बैजनाथ में द्वितीय किताब कौथिग मेले में संस्था द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। इस कार्यक्रम का उदघाटन बागेश्वर की जिलाधिकारी श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा किया गया।



**चम्पावत—**दिनांक 20—05—2023 एवं 21—05—2023 हिमवत्स द्वारा चम्पावत में तृतीय किताब कौथिग मेले में संस्था द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन चम्पावत के जिलाधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह भण्डारी एवं पद्यमश्री प्रोफेसर पुष्पेश पंत द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में किताबों से सम्बन्धित, विज्ञान, उत्तराखण्ड की संस्कृति से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये।

इस दो दिवसीय पुस्तक मेलों में संस्था द्वारा लगाये गये विज्ञान प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों के साथ—साथ विभिन्न 20 विद्यालयों के लगभग 2500 छात्र—छात्राओं द्वारा विजिट किया गया।



संस्था स्वयं सेवक गोरव बोहरा, पंकज बोहरा, सुनील जोशी, प्रकाश पुनेठा, सपना भण्डारी, निर्मल पाटनी द्वारा विज्ञान के मॉडलों को विज्ञान प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों एवं छात्र—छात्राओं को बारी बारी से दिखाया गया साथ ही छात्र—छात्राओं की विज्ञान से सम्बन्धित जिज्ञासा को दूर किया गया। अन्त में आयोजन समिति द्वारा दो दिवसीस किताब मेले में प्रतिभाग किये जाने पर संस्था को स्मृति चिन्ह्‌ प्रदान किया गया।

## 8— अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस कार्यक्रम 2023



दिनांक 05—06—2023 को विश्व पर्यावरण दिवस हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति डड़ा चम्पावत (हिमवत्स) द्वारा राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेठी के प्रांगण में पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया।



सर्वप्रथम हिमवत्स संस्था के कार्यकारिणी सदस्य डा0 बी0सी0जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया गया, अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अर्न्तगत विद्यालय कैम्पस में 5 पौधो का रोपण किया गया इसके उपरान्त व्याख्यान, गोष्ठी का आयोजन हुआ कार्यक्रम के अध्यक्ष डा0 बी0डी0 सुतेड़ी द्वारा पर्यावरण की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी, मंच में उपस्थित अतिथियों एवं डा0एम0पी0जोशी, श्री जगदीश सिंह अधिकारी ने पौधों के संरक्षण एवं परितन्त्र को स्वच्छ व सबल बनाने का आहवान किया तथा वनाग्नि से जंगल को सुरक्षित करने को जागरूक रहने को कहा।

## 9– विश्व योग दिवस वर्ष 2023





दिनॉक 19 जून को हिमवत्स संस्था के सहयोग से कुलेठी कैम्पस में 20 जून से ग्रीष्म कालीन अवकाश होने के कारण आज विश्व योग दिवस (21 जून) का आयोजन किया गया, संस्था के सदस्य तथा योग प्रशिक्षित **जिला महामंत्री पतंजली योग समिति** श्री राजेन्द्र गहतोड़ी द्वारा सर्वप्रथम शरीर को गतिमान बनाने के लिए यौगिक –जौगिक से प्रारम्भ कर सूर्य नस्कार कराया गया तत्पश्चात कुछ खड़े आसन तथा प्रणायाम, योग अभ्यास का समापन किया गया और योग से होने वाले लाभ तथा दैनिक जीवन में योग के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूद्र सिंह बोहरा, नवीन चंद्र रस्यारा शिक्षक नरेश जोशी, शिक्षिका कामिनी वर्मा, मुन्नी अधिकारी, रीना भटट्, संस्था स्वयं सेवक प्रकाश पुनेठा, पंकज बोहरा, निर्मल पाटनी, सपना भण्डारी, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

## 10–आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "मेरी माटी मेरा देश"





दिनॉक 14 अगस्त राजकीय प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय कुलेठी में हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति (हिमवत्स) संस्था के सहयोग से कुलेठी कैम्पस में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **"मेरी माटी मेरा देश"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम सिंह भूतपूर्व सैनिक कुलेठी एवं संचालन जूनियर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री रूद्र सिंह बोहरा द्वारा किया गया। हिमवत्स संस्था के कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेन्द्र गहतोड़ी की उपस्थिति में वृक्षारोपण एवं पूर्व में लगाये गये पौधो की गुड़ाई की गयी। इसके उपरान्त आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **मेरी माटी मेरा देश के तहत** विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के माध्यम से देश के स्वत्रन्ता एवं देश के अमर शहीदो को याद किया गया।

इस कार्यक्रम में हिमवत्स स्वयं सेवक शिक्षक प्रकाश पुनेठा, पंकज बोहरा, निर्मल पाटनी, सपना भण्डारी थें।

## 11– 38वॉ नेत्रदान पखवाडा (25 अगस्त से 8 सितम्बर 2022)



दिनांक 5–9–2023 को राजकीय प्राथमिक/जूनियर विद्यालय/हिमवत्स संचालित केन्द्र कुलेठी में हिमवत्स संस्था के सहयोग से 38 वॉ नेत्रदान पखवाडा मनाया गया। सर्वप्रथम शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी, इस अवसर पर प्राथमिक स्तर में चित्रकला एवं जूनियर स्तर में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। नेत्रदान पखवाडा के अर्न्तगत विद्यालय के प्र0अ0 श्री रूद्र सिंह बोहरा एवं संस्था स्वयंसेवक पंकज बोहरा ने



रा0प्रा0एवं उ0प्रा0वि0 के बच्चों को ऑखो की जॉच एवं नेत्रदान के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही ऑख की कॉर्निया की स्वच्छता खराब हो जाने पर दृष्टि में आश्चर्यजनक कमी आने के कारण तथा उसकी कमियों को किस प्रकार ठीक किया जा सकता है, कि जानकारी दी गयी।

नेत्रदान परिवार की सहमति होने पर मृत्यु होने के छः घण्टे के अन्दर किया जाता है और नेत्रबैक में जमा संरक्षित कॉनिया को 14 दिन के अन्दर प्रत्यारोपित कर सकते हैं। यह सुविधा सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में उपलब्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं संस्था स्वयं सेवक व छात्र/छात्राऍ उपस्थित रहे।

## 12— डायट लोहाघाट में तीन दिवसीय विज्ञान कार्यशालां



दिनांक 14—09—2023 से 16—09—2023 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट द्वारा तीन दिवसीय विज्ञान कार्यशालां का आयोजन किया गया तथा हिमवत्स संस्था के द्वारा रिर्सोस पर्सन के रूप में प्रतिभाग किया गया इस प्रशिक्षण में चम्पावत जिले के 25 शिक्षको ने प्रतिभाग किया गया।



**प्रथम दिन—दिनांक 14—09—2023 को** कार्यशाला का उद्घाटन डायट प्राचार्य डा0 अनील कुमार मिश्रा द्वारा कर किया गया कार्यशाला मे स्वयं सेवकों द्वारा **प्रथम दिन भोजन का सफर, ग्रहो का मॉडल** तथा **द्वितीय दिन प्रकाश का परावर्तन, प्रकाश का पथ, अनंत पथ** से सम्बन्धित मॉडलों को तैयार किया गया कार्यशाला आयोजित की गयी,

## 13— छात्रवृत्ति विवरण समारोह 2023



**दिनांक 27—10—2023 एवं 22—11—2023** को राजकीय इण्टर कालेज नारायण नगर कुसमखेड़ा हल्द्वानी एवं राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेठी स्थित हिमवत्स विज्ञान संचालित केन्द्र में छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया।

यह छात्रवृत्ति उत्तराखण्ड के चम्पावत, नैनीताल तथा पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल तथा इण्टरमिडिएट के विद्यालयों के गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को हिमवत्स एवं गिरिवाला पन्त छात्रवृत्ति दी जा रही है। छात्रवृत्ति का मुख्य उद्देश्य छात्र —छात्राओं में पढ़ने के प्रति स्पृधा जगाना है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक रूपया 1000 प्रति छात्र, हाई स्कूल रूपया 1500 प्रतिछात्र तथा इण्टर मिडिएट 2500 प्रति छात्र दी जाती है। अभी तक संस्था द्वारा कुल 2005 से विथार्थियों को लगभग 25 लाख की धनराशि छात्रवृत्ति दी जा चुकी है, इस वर्ष **146 छात्र—छात्राओं को रूपया 2 लाख 75 हजार की धनराशि** वितरित की जा रही हैं।



## 14— साविद्या स्मारिका विमोचन कार्यक्रम 2023

दिनॉक 21 दिसम्बर 2022 को हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति डडा–चम्पावत में हिमवत्स साविद्या स्मारिका के (16 वें अंक) विमोचन कार्यक्रम का आयोजन **"सी0डी0एल0ए0एस0आर0सी0 कैम्पस प्रा0 तथा जूनियर विद्यालय कुलेठी"** में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री नरेन्द्र सिंह लडवाल थे। कार्यक्रम का संचालन हिमवत्स सदस्य श्री राजेन्द्र गहतोड़ी द्वारा किया गया, तथा अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव डा0जी0बी0 बिष्ट एवं कार्यकारिणी सदस्य डा0बी0सी0जोशी द्वारा किया गया। हिमवत्स संस्था का कार्यवृत प्रस्तुत किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी श्री महरवान सिंह बिष्ट द्वारा विज्ञान संसाधन केन्द्र का अवलोकन किया गया।



पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में आये समस्त गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संस्था की गतिविधियों की जानकारी से अवगत हुए, अतिथियों ने संस्था द्वारा संचालित विज्ञान संसाधन केन्द्र का अवलोकन किया गया तथा छात्र–छात्राओं के द्वारा तैयार किये गये विज्ञान प्रयोगों को देखा गया साथ ही पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन किया गया। संस्था के कार्यक्रमों जैसे–शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण के साथ ही चम्पावत क्षेत्र के विद्यालयों में विज्ञान की गतिविधि को आगे ले जाने हेतु विद्यालयों में अनुभव आधारित बाल विज्ञान कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को जोडने का कार्य किया गया है और क्षेत्र के राजकीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को आगे बढाने के लिए मेधावी निर्धन छात्रवृत्ति देते आ रही है जो कि बच्चे के मनोबल तथा पाठ्य वस्तु के लिए वरदान साबित होती है।



## 15– अनुभव आधारित बाल विज्ञान मेला 2023

हिमवत्स संस्था की और से आयोजित की गयी अनुभव आधरित बाल विज्ञान मेलों के ( जनवरी 2023 से मार्च 2023) के सफल आयोजन के परिणाम स्वरूप **अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023** से पुनः विद्यालयों में उक्त मेलों का आयोजन किया गया।



इस अनुभव आधारित बाल विज्ञान मेला के माध्यम से जूनियर स्तर के छात्र–छात्राओ को विज्ञान विषय के 30 विभिन्न प्रकरणों के मॉडल बनाने तथा मॉडलो की कार्यविधि को समझाने तथा विज्ञान के प्रति छात्र–छात्राओं की जिज्ञासा बढ़ाने के लिए इन विज्ञान मेलो का आयोजन इण्टर कालेजों के समस्त छात्र–छात्राओं को लाभान्वित करने हेतु आयोजित किये गये।



चम्पावत जनपद के 6 विद्यालयों में तीन दिवसीय अनुभव आधारित बाल विज्ञान मेलों आयोजित किया गया है। विज्ञान मेलें में छात्र–छात्राओं ने विज्ञान से सम्बन्धित प्रकरणों को समूह के माध्यम से मॉडलों को बनाना एवं प्रदर्शित करना सिखा साथ ही प्रत्येक छात्र–छात्रा का आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिली। इस प्रकार आयोजित अनुभव आधारित बाल विज्ञान मेलों के आयोजन से छात्र–छात्राओं ने छोटी–छोटी चीजों को अपने दैनिक जीवन से जोड़कर सिखा।

## 16– **जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा का पूर्वाभ्यास**

हिमवत्स संस्था द्वारा शीतकाल अवकाश में रा॰प्रा॰वि॰चंपावत में कक्षा 5 के छात्र . छात्राओं को नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु तैयारी कराई जा रही है। जिसमें नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंपावत तथा अन्य स्कूलों के भी छात्र छात्राएं आ रहे हैं।जिसमे संस्था द्वारा छात्र छात्राओं को नवोदय प्रवेश परीक्षा संबंधित दिशा निर्देशए परीक्षा के पैटर्न तथा OMR शीट को भरना सिखाया गया।



## 17– **दो दिवसीय 18वें उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान कांग्रेस एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन 2024**

### **स्थान. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी**

**दिनांक 8 से 9 फरवरी 2024 को हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति डड़ा चम्पावत ;हिमवत्सद्ध संस्था** ने उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ;**यूकॉस्टद्ध** देहरादून द्वारा विज्ञान की गतिविधियों के प्रचार.प्रसार के उददेश्य से 18 वी उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस 2024 के अन्तर्गत ग्रामीण कांग्रेस का आयोजन में संस्था ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में प्रतिभाग किया गया। जिसका **उद्घाटन माननीय भगत सिंह कोश्यारी**



**जी** द्वारा किया गया।

संस्था द्वारा उक्त दो दिवसीय ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस में विज्ञान की प्रर्दशनी लगायी गयीए जिसमे संस्था की ओर से तीन स्वयं सेवक प्रकाश पुनेठाए पंकज बोहराए सपना भण्डारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस विज्ञान प्रर्दशर्नी में संस्था द्वारा 20 विज्ञान मॉडलो को लगाया गया। समस्त मॉडलों के सिद्धान्तोंए कार्यविधि को संस्था के स्वयंसेवकों एवं छात्रों द्वारा प्रर्दशनी के माध्यम से समझाया गया।




**मुख्य अतिथि तथा यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो० दुर्गेश पन्त** द्वारा संस्था के स्टाल में आकर प्रर्दशनी के माध्यम से लगाये गये मॉडलों को देखा गया। इस कार्यक्रम में उत्राखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो०ओम प्रकाश सिंह नेगी तथा संस्था अध्यक्ष के०के०पाण्डेए सचिव डा०जी०बी०बिष्टए संस्था सहयोगी श्री हेम जोशीए श्री सी०एम०जोंशी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।